ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 15-11-2022

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-11-15 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-11-16	2022-11-17	2022-11-18	2022-11-19	2022-11-20
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	30.0	29.0	29.0	29.0	28.0
न्यूनतम तापमान(से.)	15.0	15.0	14.0	14.0	13.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	42	35	33	30	31
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	23	18	19	18	20
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	10.0	6.0	6.0	9.0	10.0
पवन दिशा (डिग्री)	63	109	128	132	127
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 28.0 से 30.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 13.0 से 15.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

गेहूं की राज-4120, एच.डी-2969, जी.डब्ल्यु-11, के.एल.आर-210, के.एल.आर-13, राज-4238, राज-3077, राज-3777, राज-4037, राज-1482, लोक-1 व डब्ल्य.एच-147 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बीज की मात्रा 100 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। नत्रजन, फास्फोरस व पोटाश उर्वरको की मात्रा 60, 40 व 20 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर होनी चाहिएं। जिन खेतों में दीमक का प्रकोप हो तो क्लोरपाईरिफाँस 20 ईसी 5 लीटर प्रति हैक्टर की दर से पलेवा के साथ दें।

लघु संदेश सलाहकार:

जौ की RD-2794, RD-2052, RD-2035, RD-57, RD-31, RD-103, RD-2552, RD-2715 व Bilada-2 उन्नत किस्मों की बुवाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों की फसल में पौधों की संख्या समान रखने के लिए अतिरिक्त पौधों को उखाड़े तथा पौधें से पौधें की दूरी 10 सेमी रखें। पेन्टेड बग व आरा मक्खी का प्रकोप दिखाई देने पर रोकथाम हेतु मिथाईल पैराथियान 2 प्रतिशत चूर्ण 20 किलो प्रति हैक्टेयर में भुरकाव करें।
गेहूँ	गेहूं की फसल को अनावृत्त कंडवा रोग से बचाव हेतू बुवाई से पूर्व बीजों को विटावैक्स नामक दवा 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें।
जीरा	जीरा की फसल के लिए, किसान भाई बीज को ट्राइकोडर्मा विरिडे @ 10 ग्राम / किग्रा बीज और एज़ोटोबैक्टर और पीएसबी (बायोफर्टिलाइज़र) @ 600 ग्राम / हेक्टेयर बीज से उपचारित करें।
चना	चने में कटवर्म किट की रोकथाम हेतु क्यूनॉलफास 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 कि.ग्रा. प्रति हेक्टर की दर से भुरकाव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बदलते मौसम जैसे ठंड के कारण पशुओं को शेड और साफ-सुथरी जगह पर रखना चाहिए। घरेलू मक्खियों और अन्य के संक्रमण से बचने के लिए शेड के आसपास के क्षेत्र को साफ करें।